अत्यावश्यक/स्मरण पत्र

राजस्थान सरकार

उच्च शिक्षा विभाग

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 15 (4) सांख्यिकी/आकाशि/आयो/2018–19/405

दिनांक : 3/10/2019

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
समस्त राजकीय विधि महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषय :– शैक्षणिक सत्र 2019–20 की सांख्यिकी सूचना भिजवाने बाबत्।

सन्दर्भ :– इस कार्यालय का समसंख्यक पत्रांकः 386 दिनांक 29 अगस्त 2019

विषयान्तर्गत लेख है कि प्रतिवर्ष की भांति शैक्षणिक सत्र 2019–20 में भी आपके महाविद्यालय से सम्बन्धित सांख्यिकी सूचनायें आप द्वारा आयुक्तालय को दिनांक 30.09.2019 तक आवश्यक रूप से प्रेषित करने हेतु संदर्भित पत्र के द्वारा लिखा गया था, किन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा सांख्यिकी सूचना प्रेषित नहीं की गई है। इस सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निम्नानुसार हैं। :–

1. सांख्यिकी पुस्तिका का प्रारूप इस पत्र के साथ संलग्न किया जा रहा है तथा आयुक्तालय की वेबसाईट **(http://hte.rajasthan.gov.in)** के **'Forms'** मेन्यू पर भी डाउनलोड हेतु उपलब्ध है।
2. डाउनलोड की गई **pdf** फाईल को **A-4** पृष्ठ पर प्रिन्ट करवायें तथा महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्त सूचनायें भरकर स्पाईरल बाइन्ड अथवा स्पाईको बाइन्ड करवाकर आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को दिनांक 15.10.2019 तक आवश्यक रूप से भिजवाया जाना सुनिश्चित करें, सांख्यिकी सूचना भरने से पूर्व पुस्तिका में दिये गये/संलग्न निर्देशों की अक्षरशः पालना किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न – उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(प्रदीप कुमार बोरड़)
आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान,जयपुर

क्रमांक : एफ 15 (4) सांख्यिकी/आकाशि/आयो/2018–19/405

दिनांक : 3/10/2019

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित्–

1. संयुक्त निदेशक (निजी संस्थायें) को प्रेषित कर निवेदन है कि समस्त निजी महाविद्यालयों से शैक्षणिक सत्र 2019–20 की सांख्यिकी सूचना ऑन लाईन एन.ओ.सी. पोर्टल **(NOC Portal)** पर प्राप्त करना सुनिश्चित करावें।
2. समस्त प्राचार्य, निजी महाविद्यालय, राजस्थान – कृपया ऑन लाईन **Online NOC Portal** पर शैक्षणिक सत्र 2019–20 की सांख्यिकी सूचना अपलोड करने का कष्ट करें।
3. सहायक निदेशक, क्षेत्रिय कार्यालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर/जोधपुर/अजमेर/कोटा/बीकानेर/उदयपुर/भरतपुर को प्रेषित कर लेख है कि अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले समस्त राजकीय महाविद्यालयों द्वारा सांख्यिकी सूचना दिनांक 15.10.2019 तक आयुक्तालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
4. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

(डा. दीपाली भार्गव)
संयुक्त निदेशक (आयोजना)

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

सांख्यिकी सूचना भरने हेतु दिशा–निर्देश

1. महाविद्यालय का पूरा नाम लिखें।
2. महाविद्यालय का स्थापना वर्ष जैसे कि इन्टरमिडियट से शुरू हुआ है तो वह पहले अंकित करें तथा डिग्री कॉलेज की स्थापना कब हुई, उसकी सूचना भी अंकित करें।
3. स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित संकायों के विषयों का पूर्ण विवरण अंकित करना सुनिश्चित करें।
4. सांख्यिकी पुस्तिका के सभी पृष्ठों में स्पष्ट अंकन करना सुनिश्चित करें। यदि सूचना ''शून्य'' है तो ''शून्य'' अंकित करें किसी भी पृष्ठ को रिक्त न छोड़े।
5. एस.एफ.एस. में संचालित विषयों की सूचना निर्धारित स्थान पर अंकित किया जाना सुनिश्चत करें।
6. कृपया विशेष ध्यान रखें कि सांख्यिकी पुस्तिका आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर में 15 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से पहुंच जायें, इसकी पालना सुनिश्चित करें।

दीपाली भार्गव

(डा. दीपाली भार्गव)
संयुक्त निदेशक (आयोजना)